बिहार लोक सेवा आयोग

15, नेहरू पथ, (बेली रोड) पटना–800001

आवश्यक सूचना

एकीकृत 70वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा

एकीकृत 70वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया में निम्न सुधार किये जाते हैं :–

1. 'Update Details' लिंक के माध्यम से अभ्यर्थी OTR (One Time Registration) में अंकित अभ्यर्थी का नाम, पिता का नाम, माता का नाम एवम् जन्म तिथि के कॉलम को छोड़कर निबंधन (Registration) के अन्य सभी कॉलमों में सुधार कर सकेंगे। इसके लिए आयोग के वेबसाईट पर दिनांक 19.10.2024 से ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि तक 'Update Details' लिंक उपलब्ध रहेगा।

2. एकीकृत 70वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन में यदि अभ्यर्थियों द्वारा भुगतान कर आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गयी है एवम् अंकित किये गये डाटा यथा; फोटो इत्यादि में त्रुटि है, तो वैसे अभ्यर्थी भी उक्त 04 कॉलमों को छोड़कर शेष कॉलम में दिनांक–19.10.2024 से Update/सुधार कर सकते हैं।।

3. वैसे अभ्यर्थी जिनके द्वारा परीक्षा शुल्क का भुगतान करते हुये ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गयी है, परन्तु **आरक्षण कोटि/Gender** में Update/सुधार करना चाहते हैं, तो तदनुसार औपबंधिक **अतिरिक्त परीक्षा शुल्क** का भुगतान Bank Demand Draft (In favour of Secretary, Bihar Public Service Commission, Patna, Payable at Patna) के माध्यम से करना होगा। Demand Draft एवं लिफाफे पर **Registration no.** एवं एकीकृत **70वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा** अंकित करते हुए **परीक्षा नियंत्रक, बिहार लोक सेवा अयोग, 15, नेहरू पथ, (बेली रोड) पटना–800001** के पते पर स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजना सुनिश्चित करेंगे।

4. ऑनलाइन आवेदन भरने हेतु निर्धारित तिथि को निम्नवत् संशोधित किया जाता है:–

क्र० सं०	ऑनलाइन आवेदन संबंधी प्रक्रिया	तिथि
01.	ऑनलाइन आवेदन भरने की विस्तारित अंतिम तिथि	04.11.2024
02.	Update/सुधार करने की तिथि	19.10.2024 से 04.11.2024 तक

उक्त संशोधित तिथि के उपरान्त पुनः ऑनलाइन आवेदन भरने हेतु तिथि विस्तारित नहीं की जायेगी।

5. पूर्व में दिनांक 23.09.2024 को प्रकाशित विज्ञापन एवम् दिनांक 01.10.2024 को OTR (One Time Registration) में अपडेट करने हेतु प्रकाशित आवश्यक सूचना को इस हद तक संशोधित समझा जाय एवम् अन्य शर्तें यथावत् रहेंगे।

ऑनलाइन आवेदन Submit करने एवं Payment करने से पूर्व अभ्यर्थी सुनिश्चित कर लें कि आवेदन में प्रविष्ट की गयी सारी सूचनाएँ सही हैं। उपर्युक्त Update Option उपलब्ध कराने के उपरांत भी यदि त्रुटि हुयी तो इसकी पूर्ण जिम्मेवारी अभ्यर्थी की होगी एवम् भविष्य में पुनः सुधार करने हेतु प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

15.10.2024

परीक्षा नियंत्रक
बिहार लोक सेवा अयोग,पटना।